# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut


पत्रांक : पी0ए0/2043
दिनांक : 21.10.2019

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**विषय :– शासन की प्राथमिकताओं में महिला परक कार्यक्रमों/योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा अनुश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 2262/सत्तर–3–2019–08(25)/2019 दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का महिला अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर फीडबैक उपलब्ध कराये जाने केसम्बन्ध में बिन्दुवार सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. महाविद्यालय में छात्राओं के पठन–पाठन की स्थिति।
2. महाविद्यालय में शौचालयों की स्थिति।
3. महाविद्यालय में बालिकाओं को आने जाने की सुविधा की स्थिति।
4. विगत समय में महाविद्यालयों के पास बालिकाओं से छेडखानी की घटनाओं का विवरण।

उक्त वांछित सूचनायें अविलम्ब अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय की उदासीनता के लिए शासन को अवगत करा दिया जायेगा।

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वैयक्तिक सहायक–कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।

कुलसचिव